वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर



मीडिया सेल - दैनिक न्यूज़ रिपोर्ट

दिनांक: 8 अक्टूबर 2026

दैनिक जागरण

एकलव्य स्टेडियम में खेल प्रतिभाओं के मंच जेपीएल का आगाज आज से

- जर्सी लांच और ट्राफी का हुआ अनावरण, विधानसभा स्तर पर गठित 10 टीमें दिखाएंगी दमखम
- कुलपति बोले, खेल अब करियर और सम्मान का माध्यम, मिलेगा प्रतिभा निखारने का अवसर

जासं, मल्हनी (जौनपुर): वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को जौनपुर प्रीमियर लीग (जेपीएल) 2026 के सभी 10 टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में जर्सी लांच कर ट्राफी का अनावरण हुआ।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि एक समय कहा जाता था कि 'खेलोगे-कूदोगे तो होगे खराब', लेकिन अब यह धारणा बदलकर 'खेलोगे तो खिलोगे' में बदल गई है। जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल के बीच मजबूत जुड़ाव का माध्यम बनेगा। जिलाधिकारी सैमुअल पाल ने कहा कि जौनपुर को नंबर एक जिला बनाने की दिशा में यह पहल सराहनीय है।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मंच से जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का यह अच्छा प्रयास है। संयोजक पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह ने कहा कि जौनपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें सही अवसर और मार्गदर्शन देने की है। विधानसभा स्तर पर 10 टीमों का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है, ताकि जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक साथ खेलने और अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिले। कार्यक्रम की शुरुआत टीम कप्तानों के आगमन से हुई। इसके बाद सभी टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. राहुल राय, रजनीश सिंह आदि रहे।



सुरेश रैना • क्रिकेटर



पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित एकलव्य स्टेडियम में आयोजित जौनपुर प्रीमियर लीग से पूर्व खिलाड़ी को टीशर्ट देते जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन (बाएं) साथ में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह, आयोजक अभिनेता व पूर्व आइएएस अभिषेक सिंह • जागरण

14 को सुरेश रैना बढ़ाएंगे आयोजन की चमक

आठ से 12 अक्टूबर तक लीग मैच, 13 अक्टूबर को दोनों सेमीफाइनल और 14 अक्टूबर को ग्रैंड फिनाले होगा। गैंड फिनाले में सुरेश रैना मौजूद रहेंगे। 10 बजे से दोपहर एक बजे तक पहला मैच खेला जाएगा। दोपहर के अंतराल में संगीत और नृत्य कार्यक्रम होगा। दूसरे मैच का टास 1:30 बजे और मुकाबला दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगा। शाम 5:20 से छह बजे तक पुरस्कार वितरण होगा। दोनों मुकाबलों से पहले ढोल-भांगड़ा के साथ अंपायरों का मैदान में प्रवेश आकर्षण का केंद्र रहेगा। 11 अक्टूबर को विशेष शाम में गायक विशाल मिश्रा लाइव प्रस्तुति देंगे।

दैनिक जागरण

Varanasi, Thursday, 8 October 2026
जौनपुर संस्करण
Price ₹ 3.50/-
Pages 16

दैनिक जागरण

www.inextlive.com Published from VARANASI
Agra • Bareilly • Dehradun • Gorakhpur • Jamshedpur • Kanpur • Lucknow • Meerut • Patna • Prayagraj • Ranchi
SEE PG-08



पीएम मोदी ने यूथ को 'वी विल डू इट' का ...> IV
रिजल्ट की टेंशन छोड़ डेली गोल्स पर करें फोकस > 6

inext DYNAMIC EDITION

#In_Date_We #ProbeEcoding.com #SuperKings

Max 32.0°C Min 21.6°C
SENSEX 72,374.47 ▲ 437.15
DOLLAR ₹ 86.30 ▲0.05

संस्थान के विकास के लिए त्याग समर्पण जरूरी: प्रो. आर.के. सिंह

छात्रों की उपलब्धियां और शिक्षकों की टीम भावना से पीयू को मिलेगी नई ऊंचाई

कुलपति ने शिक्षकों के संग महत्वपूर्ण मुद्दों पर किया विचार-विमर्श

विवि के प्रति टीम भावना, सहयोग और संस्थान के प्रति समर्पण की भावना आवश्यक

जौनपुर (7 अक्टूबर): विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार सुबह कुलपति प्रो. आर.के. सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं समग्र विकास को लेकर शिक्षक और संविदा शिक्षकों के संग महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया. बैठक में कुलपति ने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान वहां के छात्रों, उनकी उपलब्धियों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से होती है. विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए शिक्षकों में टीम भावना, सहयोग और संस्थान के प्रति समर्पण की भावना आवश्यक है.

अपनी भूमिका निभानी होगी

कुलपति ने कहा कि सहायक प्रोफेसर सहित प्रत्येक शिक्षक को संस्थान की उन्नति में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी. विश्वविद्यालय के विकास के लिए समय की बाध्यता से परे जाकर कार्य करने, नई पहल करने और जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए त्याग, समर्पण और निरंतर प्रयास अनिवार्य हैं.

संसाधनों का हो उपयोग

उन्होंने विश्वविद्यालय के उपलब्ध संसाधनों का विद्यार्थियों के हित में अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया. कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के संसाधनों और विद्यार्थियों की प्रतिभा को उद्योग जगत से जोड़कर आर्थिक मजबूती की दिशा में भी कार्य किया जा सकता है.


कार्यक्रम के दौरान मौजूद कुलपति व अन्य.


छात्रों एवं शिक्षक की बैठक को संबोधित करते कुलपति आरके सिंह.

मजबूत रोडमैप तैयार होगा

उद्योगों, संस्थानों और अन्य व्यावसायिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, रोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं. प्रो. सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से की जा रही पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरुआत है. इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार करना और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है. उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी पहलों से ही बड़े परिवर्तन की नींव रखी जाती है. विद्यार्थियों में उत्साह, नवाचार और सहभागिता का वातावरण तैयार कर विश्वविद्यालय के लिए एक मजबूत विकास-रोडमैप तैयार किया जाएगा. इसके लिए सभी विषयों और विभागों से सुझाव एवं इनपुट लिए जाएंगे. प्राप्त सुझावों के आधार पर एक नया आयोजन एवं कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी प्रेजेंटेशन किया जाएगा.

एकलव्य स्टेडियम में जेपीएल का आगाज

टीमों के लिए जर्सी लॉन्च, ट्रॉफी का अनावरण

विधानसभा स्तर पर गठित 10 टीमें दिखाएंगी खेल प्रतिभा

जौनपुर (7 अक्टूबर): पूर्वांचल के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जौनपुर प्रीमियर लीग 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ. उद्घाटन समारोह में विभिन्न टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च, ट्रॉफी अनावरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन जौनपुर नं. 1 की पहल पर पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा किया जा रहा है. समारोह में जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच देने, विद्यार्थियों में खेल भावना विकसित करने और जौनपुर को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया गया. आयोजन में विधानसभा स्तर पर गठित कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया. उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कभी समाज में यह कहावत प्रचलित थी कि "खेलोगे कूदोगे तो होगे खराब", लेकिन समय के साथ यह धारणा पूरी तरह बदल गई है अब खेलोगे तो खिलोगे हो गया है.

आज खेल लोगों की बदल रही किस्मत

आज खेल लोगों की किस्मत बदल रहा है और युवाओं के लिए खेल एक सम्मानजनक करियर का माध्यम बन चुका है. उन्होंने कहा कि जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल के बीच मजबूत जुड़ाव का माध्यम बनेगा. इस आयोजन से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा आएगी और उन्हें अपनी प्रतिभा पहचानने का अवसर मिलेगा. उद्घाटन अवसर पर जौनपुर के जिलाधिकारी समुअल पॉल ने जौनपुर प्रीमियर लीग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जौनपुर को नंबर एक जिला बनाने के लिए अभिषेक सिंह द्वारा की गई पहल अत्यंत सराहनीय है. जौनपुर प्रीमियर लीग के संयोजक अभिषेक सिंह ने कहा कि लीग का उद्देश्य जिले की प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन कर सकें. उन्होंने कहा कि जौनपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जौनपुर के प्रत्येक क्षेत्र की प्रतिभा सामने आए. विधानसभा स्तर पर कुल 10 टीमों का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है, ताकि जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक साथ खेलने और अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिले. कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न टीमों के कप्तानों के आगमन से हुई. इसके बाद सभी टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया. इस दौरान कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राहुल राय, वैभव सिंह, सुरेन्द्र, रजनीश सिंह, राघेश्याम सिंह समेत शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे.

अमर उजाला

जेपीएल का आगाज, मैदान में उतरेंगी 10 टीमें, जर्सी और ट्रॉफी का अनावरण

एकलव्य स्टेडियम में सजा खेल का मंच, दिखेगा खिलाड़ियों का दम

संवाद न्यूज एजेंसी

मल्हनी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को जौनपुर प्रीमियर लीग (जेपीएल) 2026 का भव्य आगाज हुआ। जनपद की नौ विधानसभा स्तर पर गठित एक-एक और विश्वविद्यालय की एक टीमें लीग में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

उद्घाटन समारोह में टीमों की जर्सी लॉन्च करने के साथ ट्रॉफी का अनावरण किया गया। खिलाड़ियों और टीम कप्तानों की मौजूदगी में पूरा स्टेडियम खेलमय नजर आया। उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि समय के साथ खेलों को लेकर समाज की सोच बदली है।

पहले कहा जाता था कि खेलोगे-कूदोगे तो होगे खराब, लेकिन अब खेल युवाओं के लिए सम्मानजनक कॅरिअर का माध्यम बन चुका है।



स्टेडियम में जेपीएल के उद्घाटन समारोह में जर्सी का अनावरण करते कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह। पूविवि



जेपीएल 2026 की ट्रॉफी का अनावरण करते कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह। पूविवि

उन्होंने कहा कि जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल के बीच मजबूत जुड़ाव का माध्यम बनेगा। इससे विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा आएगी और उन्हें अपनी प्रतिभा पहचानने का अवसर मिलेगा।

जिलाधिकारी सैमुअल पॉल ने लीग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए यह अच्छी पहल है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मंच से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम संयोजक पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक मंच पर लाना है।

उन्होंने कहा कि लीग से प्रतिस्पर्धा के साथ खिलाड़ियों में सहयोग और भाईचारे की भावना भी मजबूत होगी। समारोह में कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राहुल राय आदि मौजूद रहे।

हिंदुस्तान

पीयू के वित्त अधिकारी बने विनोद कुमार

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में वित्त अधिकारी के रिक्त पद पर विनोद कुमार की तैनाती का शासनादेश जारी कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश शासन के वित्त (सेवाएं) अनुभाग-2 की ओर से सात अक्टूबर 2026 को जारी कार्यालय आदेश में विनोद कुमार को पदोन्नति के उपरांत विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पद पर पदस्थापित/तैनात किए जाने का निर्देश दिया गया है।
शासनादेश के अनुसार विनोद कुमार वर्तमान में कोषागार एवं पेंशन, बरेली मंडल में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

हिंदुस्तान

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

अपना जौनपुर

जेपीएल का आगाज, टीमों की जर्सी लांच

पीयू के कुलपति, डीएम, आयोजन समिति के अध्यक्ष सहित अन्य ने किया ट्राफी का अनावरण

प्रतियोगिता

- हर विस स्तर पर बनी टीमें करेंगी प्रतिभाग, विवि की टीम भी खेलेगी
- 13 अक्तूबर को सेमीफाइल और 14 को खेला जाएगा फाइनल

जौनपुर, संवाददाता। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को जौनपुर प्रीमियर लीग 2026 का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में विभिन्न टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में कुलपति, डीएम और आयोजन समिति के अध्यक्ष ने जर्सी लॉन्च की। ट्रॉफी का भी अनावरण किया गया।

टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिसमें नौ विधानसभा स्तर की और एक पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम है। जर्सी लांचिंग और ट्राफी के अनावरण अवसर पर कुलपति प्रो. राकेश सिंह ने कहा कि समारोह में जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच देने, विद्यार्थियों में खेल भावना विकसित करने और जौनपुर को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया गया। डीएम सैमअल पॉल एन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से खेल की प्रतिभाएं निखरती हैं।

आयोजक पूर्व आएएस अभिषेक सिंह ने कहा कि विधानसभा स्तर पर गठित कुल 10 टीमों को हिस्सा लेना है। कौन सी टीम किसके साथ खेलेगी, कब खेलेगी इसका पूरा लेखा जोखा बना लिया गया है। जौनपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही अवसर और उचित मार्गदर्शन देने की है। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

ये टीमें ले रही हैं हिस्सा : दिव्य प्रकाश इलेवन, रॉयल चैलेंजर्स बदलापुर, डीके स्पोर्टिंग क्लब, विलीव इंडिया, एनएन जौनपुर टाइटन, शाहगंज सुपर ज्वॉइंट्स, जौनपुर सुपर ज्वॉइंट, फ्यूचर स्टार क्रिकेट क्लब, शिव शक्ति स्पोर्टिंग क्लब।



पीयू के एकलव्य स्टेडियम में खिलाड़ियों की जर्सी को संयुक्त रुप से लांच करते कुलपति राकेश कुमार सिंह एवं पूर्व आइएएस अभिषेक सिंह और जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन।

14 अक्तूबर को आएंगे सुरेश रैना

जौनपुर। आयोजन समिति के अनुसार, आठ से 12 अक्तूबर तक लीग मैच, 13 अक्टूबर को दोनों सेमीफाइनल और 14 अक्तूबर फाइनल मैच होगा। समापन में ग्रैंड फिनाले होगा। ग्रैंड फिनाले में सुरेश रैना मौजूद रहेंगे। 10 बजे से दोपहर एक बजे तक पहला मैच खेला जाएगा।

दोपहर के अंतराल में संगीत और नृत्य कार्यक्रम होगा। दूसरे मैच का टास 1:30 बजे और मुकाबला दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगा। शाम 5:20 से छह बजे तक पुरस्कार वितरण होगा। अंपायरों का मैदान में प्रवेश आकर्षण का केंद्र रहेगा। 11 अक्टूबर को गायक विशाल मिश्रा लाइव प्रस्तुति देंगे।

आज

आज
जौनपुर
वाराणसी, ८ अक्तूबर, २०२६

एकलव्य स्टेडियम में धूमधाम से हुआ जेपीएल का आगाज

टीमों के लिए जर्सी लॉन्च, ट्रॉफी का अनावरण, विधानसभा स्तर पर गठित १० टीमें दिखाएंगी खेल प्रतिभा

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जौनपुर प्रीमियर लीग 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में विभिन्न टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च, ट्रॉफी अनावरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन जौनपुर नं. 1 की पहल पर पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा किया जा रहा है। समारोह में जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच देने, विद्यार्थियों में खेल भावना विकसित करने और जौनपुर को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया गया। आयोजन में विधानसभा स्तर पर गठित कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कभी समाज में यह कहावत प्रचलित थी कि खेलोगे कूदोगे तो होगे खराब, लेकिन समय के साथ यह धारणा पूरी तरह बदल गई है अब खेलेगें तो खिलोगे हो गया है। आज खेल लोगों की किस्मत बदल रहा है, और युवाओं के लिए खेल एक सम्मानजनक करियर का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल के बीच मजबूत जुड़ाव का माध्यम बनेगा। इस आयोजन से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा आएगी और उन्हें अपनी प्रतिभा पहचानने का अवसर मिलेगा।

उद्घाटन अवसर पर जौनपुर के जिलाधिकारी सैमुअल पॉल ने जौनपुर प्रीमियर लीग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जौनपुर को नंबर एक जिला बनाने के लिए अभिषेक सिंह द्वारा की गई पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मंच



से जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने की यह एक अच्छी शुरुआत है। जौनपुर प्रीमियर लीग के संयोजक अभिषेक सिंह ने कहा कि लीग का उद्देश्य जिले की प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि जौनपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही अवसर और उचित मार्गदर्शन देने की है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जौनपुर के प्रत्येक क्षेत्र की प्रतिभा सामने आए। विधानसभा स्तर पर कुल 10 टीमों का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है, ताकि जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक साथ खेलने और अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिले। अभिषेक सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ आपसी सहयोग और भाईचारे को भी बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के इनडोर स्टेडियम को आयोजन के लिए उपलब्ध कराने पर उन्होंने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति प्रो. आर.के. सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न टीमों के कप्तानों के आगमन से हुई। इसके बाद सभी टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया। एकलव्य स्टेडियम में खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों की मौजूदगी से माहौल पूरी तरह खेलमय नजर आया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राहुल राय, वैभव सिंह, सुरेन्द्र, रजनीश सिंह, राधेश्याम सिंह समेत शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

स्वतंत्र एकता जागरण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र एकता जागरण
• सत्य • निष्पक्षता • जनहित

एकलव्य स्टेडियम में धूमधाम से हुआ जेपीएल का आगाज

ट्रॉफी का अनावरण विधानसभा स्तर पर गठित 10 टीमें दिखाएंगी खेल प्रतिभा

स्वतंत्र एकता जागरण



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जौनपुर प्रीमियर लीग 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में विभिन्न टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च, ट्रॉफी अनावरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन जौनपुर नं. 1 की पहल पर पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा किया जा रहा है। समारोह में जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच देने, विद्यार्थियों में खेल भावना विकसित करने और जौनपुर को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया गया। आयोजन में विधानसभा स्तर पर गठित कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कभी समाज में यह कहावत प्रचलित थी कि "खेलोगे कूदोगे तो होगे खराब", लेकिन समय के साथ यह धारणा पूरी तरह बदल गई है अब खेलोगें तो खिलोगे हो गया है। आज खेल लोगों की किस्मत बदल रहा है और युवाओं के लिए खेल एक सम्मानजनक करियर का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल के बीच मजबूत जुड़ाव का माध्यम बनेगा। इस आयोजन से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा आएगी और उन्हें अपनी प्रतिभा पहचानने का अवसर मिलेगा। उद्घाटन अवसर पर जौनपुर के जिलाधिकारी सैमुअल पॉल ने जौनपुर प्रीमियर लीग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जौनपुर को नंबर एक जिला बनाने के लिए अभिषेक सिंह द्वारा की गई पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मंच से जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने की यह एक अच्छी शुरुआत है। जौनपुर प्रीमियर लीग के संयोजक अभिषेक सिंह ने कहा कि लीग का उद्देश्य जिले की प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि जौनपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही अवसर और उचित मार्गदर्शन देने की है।उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जौनपुर के प्रत्येक क्षेत्र की प्रतिभा सामने आए। विधानसभा स्तर पर कुल 10 टीमों का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है, ताकि जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक साथ खेलने और अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिले। अभिषेक सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ आपसी सहयोग और भाईचारे को भी बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के इनडोर स्टेडियम को आयोजन के लिए उपलब्ध कराने पर उन्होंने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति प्रो. आर.के. सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न टीमों के कप्तानों के आगमन से हुई। इसके बाद सभी टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया। एकलव्य स्टेडियम में खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों की मौजूदगी से माहौल पूरी तरह खेलमय नजर आया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राहुल राय, वैभव सिंह, सुरेन्द्र, रजनीश सिंह, राधेश्याम सिंह समेत शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

संस्थान के विकास के लिए त्याग, समर्पण जरूरी: प्रो. आर.के. सिंह

छात्रों की उपलब्धियां और शिक्षकों की टीम भावना से पीयू को मिलेगी नई ऊंचाई

स्वतंत्र एकता जागरण



जौनपुर। विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार सुबह कुलपति प्रो. आर.के. सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं समग्र विकास को लेकर शिक्षक और संविदा शिक्षकों के संग महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुलपति ने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान वहां के छात्रों, उनकी उपलब्धियों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से होती है। विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए शिक्षकों में टीम भावना, सहयोग और संस्थान के प्रति समर्पण की भावना आवश्यक है। कुलपति ने कहा कि सहायक प्रोफेसर सहित प्रत्येक शिक्षक को संस्थान की उन्नति में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। विश्वविद्यालय के विकास के लिए समय की बाध्यता से परे जाकर कार्य करने, नई पहल करने और जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए त्याग, समर्पण और निरंतर प्रयास अनिवार्य हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के उपलब्ध संसाधनों का विद्यार्थियों के हित में अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के संसाधनों और विद्यार्थियों की प्रतिभा को उद्योग जगत से जोड़कर आर्थिक मजबूती की दिशा में भी कार्य किया जा सकता है। उद्योगों, संस्थानों और अन्य व्यावसायिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, रोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। प्रो. सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से की जा रही पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार करना और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी पहलों से ही बड़े परिवर्तन की नींव रखी जाती है। विद्यार्थियों में उत्साह, नवाचार और सहभागिता का वातावरण तैयार कर विश्वविद्यालय के लिए एक मजबूत विकास-रोडमैप तैयार किया जाएगा। इसके लिए सभी विषयों और विभागों से सुझाव एवं इनपुट लिए जाएंगे। प्राप्त सुझावों के आधार पर एक नया आयोजन एवं कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी प्रेजेंटेशन किया जाएगा। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शैक्षणिक, प्रशासनिक और विकासात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई। कुलपति ने सभी शिक्षकों और विभागों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकती है।

कौटिल्य का भारत

जौनपुर प्रीमियर लीग की तैयारियों को लेकर कुलपति ने आयोजन टीम के साथ की बैठक

खेलों से विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और टीम भावना का होता है विकास

कौटिल्य का भारत



जौनपुर। जौनपुर प्रीमियर लीग के विश्वविद्यालय में आयोजन को लेकर गठित आयोजन टीम के साथ कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने बुधवार को कुलपति सभागार में बैठक की। बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों, विद्यार्थियों की सहभागिता, अतिथियों के स्वागत, अनुशासन तथा स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय का जीवन केवल कक्षाओं और परीक्षाओं तक सीमित नहीं होना चाहिए। विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामूहिक कार्यों से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में विद्यार्थियों का उत्साह, अनुशासन और टीम भावना विश्वविद्यालय के वास्तविक जीवन को प्रदर्शित करती है। यह आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की ऊर्जा, सपनों और आत्मविश्वास को मंच देने का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीत के साथ सहयोग, अनुशासन और एक-दूसरे के सम्मान की भावना सीखने का आह्वान किया। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों में कौशल विकास के लिए लगातार ऐसे अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। खेल गतिविधियों से नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की क्षमता, अनुशासन और संघर्ष करने की भावना विकसित होती है। विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय सभी का साझा संस्थान है और इसकी उपलब्धियां भी सामूहिक उपलब्धियां हैं। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने बाहरी अतिथियों के स्वागत और उनकी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में विद्यार्थियों के लिए पहचान-पत्र अनिवार्य रखने पर भी चर्चा हुई। कुलपति ने सभी विद्यार्थियों से अनुशासन के साथ आयोजन में सहभागिता करने और कार्यक्रम की गरिमा बनाए रखने की अपील की। आयोजन की व्यवस्थाओं के लिए प्रबंधन एवं फार्मेसी विभाग से स्वयंसेवकों का गठन किया गया है। स्वयंसेवक अतिथियों और प्रतिभागियों के आवागमन में सहयोग करेंगे। बैठक में छात्र अधिष्ठाता प्रमोद कुमार यादव सहित आयोजन टीम के सदस्य और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

संस्थान के विकास के लिए त्याग, समर्पण जरूरी: प्रो. आर.के. सिंह

छात्रों की उपलब्धियां और शिक्षकों की टीम भावना से पीयू को मिलेगी नई ऊंचाई

कौटिल्य का भारत



जौनपुर। विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार सुबह कुलपति प्रो. आर.के. सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं समग्र विकास को लेकर शिक्षक और संविदा शिक्षकों के संग महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुलपति ने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान वहां के छात्रों, उनकी उपलब्धियों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से होती है। विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए शिक्षकों में टीम भावना, सहयोग और संस्थान के प्रति समर्पण की भावना आवश्यक है। कुलपति ने कहा कि सहायक प्रोफेसर सहित प्रत्येक शिक्षक को संस्थान की उन्नति में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। विश्वविद्यालय के विकास के लिए समय की बाध्यता से परे जाकर कार्य करने, नई पहल करने और जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए त्याग, समर्पण और निरंतर प्रयास अनिवार्य हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के उपलब्ध संसाधनों का विद्यार्थियों के हित में अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के संसाधनों और विद्यार्थियों की प्रतिभा को उद्योग जगत से जोड़कर आर्थिक मजबूती की दिशा में भी कार्य किया जा सकता है। उद्योगों, संस्थानों और अन्य व्यावसायिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, रोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। प्रो. सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से की जा रही पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार करना और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी पहलों से ही बड़े परिवर्तन की नींव रखी जाती है। विद्यार्थियों में उत्साह, नवाचार और सहभागिता का वातावरण तैयार कर विश्वविद्यालय के लिए एक मजबूत विकास-रोडमैप तैयार किया जाएगा। इसके लिए सभी विषयों और विभागों से सुझाव एवं इनपुट लिए जाएंगे। प्राप्त सुझावों के आधार पर एक नया आयोजन एवं कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी प्रेजेंटेशन किया जाएगा। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शैक्षणिक, प्रशासनिक और विकासात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई। कुलपति ने सभी शिक्षकों और विभागों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकती है।

अमन की शान

विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव है जेपीएलः कुलपति

अमन की शान



जौनपुर। जौनपुर प्रीमियर लीग (जीपीएल) के विश्वविद्यालय में आयोजन को लेकर गठित आयोजन टीम के साथ कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने बुधवार को कुलपति सभागार में बैठक की। बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों, विद्यार्थियों की सहभागिता, अतिथियों के स्वागत, अनुशासन और स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का जीवन केवल कक्षाओं और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें कैंपस लाइव में पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और टीमवर्क से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा, जब मैं अपने विद्यार्थियों को मैदान में उत्साह, अनुशासन और टीम भावना के साथ देखता हूं, तो मुझे लगता है कि विश्वविद्यालय का वास्तविक जीवन यहीं दिखाई देता है। यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के सपनों, ऊर्जा और आत्मविश्वास का उत्सव है। हम चाहते हैं कि विद्यार्थी यहां से केवल जीतने की भावना लेकर न जाएं, बल्कि सहयोग, अनुशासन और एक-दूसरे का सम्मान करना भी सीखें। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिए इसी प्रकार के अवसर लगातार उपलब्ध कराने होंगे। खेलों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने का कौशल, अनुशासन और संघर्ष करने की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल गतिविधियां अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने भावुक अंदाज में कहा, यह विश्वविद्यालय केवल प्रशासन या कुछ अधिकारियों का नहीं, बल्कि हम सभी का है। इसकी उपलब्धियां हमारी सामूहिक उपलब्धियां हैं और इसकी समस्याएं भी हम सबकी साझा जिम्मेदारी हैं। हम मिलकर समस्याओं का समाधान करेंगे और मिलकर इस आयोजन को सफल बनाएंगे। जीपीएल हमारा अपना कार्यक्रम है, इसे सफल बनाने में हर शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी की भूमिका महत्वपूर्ण है। कुलपति ने आयोजन में आने वाले बाहरी अतिथियों के स्वागत और सुविधा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले अतिथि विश्वविद्यालय से अच्छी अनुभूति लेकर पहुंचे। आयोजन की *हलचल व्यवस्था में अपनापन,* सहयोग और संवेदनशीलता दिखाई देनी चाहिए। बैठक में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पहचान-पत्र अनिवार्य किए जाने पर भी चर्चा हुई। कुलपति ने विद्यार्थियों से अनुशासन के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी अपना पहचान-पत्र साथ रखें और आयोजन की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए प्रबंधन एवं फार्मेसी विभाग से स्वयंसेवकों का गठन किया गया है। बैठक में छात्र अधिष्ठाता प्रमोद कुमार यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. नृपेंद्र सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल, सुशील कुमार, उद्देश्य सिंह, ईशिका सिंह सहित आयोजन टीम के सदस्य और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

उदय उत्तर

जौनपुर प्रीमियर लीग 2026 का खेलमय माहौल में हुआ शुभारंभ



जौनपुर / उदय उत्तर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को जौनपुर प्रीमियर लीग (जेपीएल) 2026 का खेलमय माहौल में शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में विधानसभा स्तर पर गठित 10 टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में टीमों की जर्सी लांच की गई और ट्रॉफी का अनावरण हुआ।

आयोजन का उद्देश्य जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच देने के साथ विद्यार्थियों में खेल भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि एक समय कहा जाता था कि 'खेलोगे-कूदोगे तो होगे खराब', लेकिन अब यह धारणा बदलकर 'खेलोगे तो खिलोगे' में बदल गई है। खेल आज युवाओं की किस्मत बदलने के साथ सम्मानजनक करियर का माध्यम बन चुका है। जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल के बीच मजबूत जुड़ाव का माध्यम बनेगा। इससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे निखारने का अवसर मिलेगा।

जिलाधिकारी सैमुअल पॉल ने जेपीएल के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जौनपुर को नंबर एक जिला बनाने की दिशा में अभिषेक सिंह की पहल सराहनीय है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मंच से जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का यह अच्छा प्रयास है।

जेपीएल के संयोजक पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह ने कहा कि जौनपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें सही अवसर और मार्गदर्शन देने की है।

विधानसभा स्तर पर 10 टीमों का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है, ताकि जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक साथ खेलने और अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिले। लीग से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग और भाईचारे की भावना भी मजबूत होगी।कार्यक्रम की शुरूआत टीम कप्तानों के आगमन से हुई। इसके बाद सभी टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया।

खिलाड़ियों और दर्शकों की मौजूदगी से स्टेडियम खेलमय नजर आया।विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राहुल राय, रजनीश सिंह, विजय प्रकाश, अल्का चौहान समेत शिक्षक, अधिकारी और अन्य अतिथि मौजूद रहे।

तेजस टुडे

विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव है जेपीएल: कुलपति

बैठक

खेल से विद्यार्थियों में विकसित होती है ऊर्जा अनुशासन

तेजस टूडे सं.
अजय विश्वकर्मा/विरेन्द्र यादव



सिंहीकपुर, जौनपुर। जौनपुर प्रीमियर लीग (जेपीएल) के विश्वविद्यालय में आयोजन को लेकर गठित आयोजने लेकर गठित आयोजन टीम के साथ कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने बुधवार को कुलपति सभागार में बैठक किया जहाँ प्रतियोगिता की तैयारियों, विद्यार्थियों की सहभागिता, अतिथियों के स्वागत, अनुशासन और स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस मौके पर कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय का जीवन केवल कक्षाओं और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें कैंपस लाइव में पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और टीमवर्क से जोड़ना आवश्यक है। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिए इसी प्रकार के अवसर लगातार उपलब्ध कराने होंगे। खेलों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने का कौशल, अनुशासन और संघर्ष करने की भावना विकसित होती है। विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल गतिविधियां अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

बैठक में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिये पहचान-पत्र अनिवार्य किये जाने पर भी चर्चा हुई। कुलपति ने विद्यार्थियों से अनुशासन के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील करते हुये कहा कि सभी विद्यार्थी अपना पहचान पत्र साथ रखें और आयोजन की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए प्रबंधन एवं फामेर्सी विभाग से स्वयंसेवकों का गठन किया गया है। ये स्वयंसेवक गेस्ट हाउस और हॉस्टल से लेकर खेल मैदान तक अतिथियों एवं प्रतिभागियों के आवागमन में सहयोग करेंगे।

इस अवसर पर छात्र अधिष्ठाता प्रभोद यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भाष्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. नृपेंद्र सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल, सुशील कुमार, उदेश्य सिंह, ईशिका सिंह सहित आयोजन टीम के सदस्य और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

जनसंदेश

विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव है जेपीएल

जौनपुर। जौनपुर प्रीमियर लीग (जीपीएल) के विश्वविद्यालय में आयोजन को लेकर गठित आयोजन टीम के साथ कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने बुधवार को कुलपति सभागार में बैठक की। बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों, विद्यार्थियों की सहभागिता, अतिथियों के स्वागत, अनुशासन और स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का बातावरण बनाने के उद्देश्य से जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का जीवन केवल कक्षाओं और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें कैंपस लाइव में पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कुतिक गतिविधियों और टीमवर्क से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा, जब मैं अपने विद्यार्थियों को मैदान में उत्साह, अनुशासन और टीम भावना के साथ देखता हूं, तो मुझे लगता है कि

बोले कुलपति

खेल से विद्यार्थियों में विकसित होती है ऊर्जा, अनुशासन

जीपीएल की तैयारी के संबंध में हुई कुलपति सभागार में बैठक

विवि का बास्तविक जीवन यहीं दिखाई देता है। यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के सपनों, ऊर्जा और आत्मविश्वास का उत्सव है। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिए इसी प्रकार के अवसर लगातार उपलब्ध कराने होंगे। उन्होंने भावुक अंदाज में कहा, यह विश्वविद्यालय केवल प्रशासन या कुछ अधिकारियों का नहीं, बल्कि हम सभी का है। इसकी उपलब्धियां हमारी सामूहिक उपलब्धियां हैं और इसकी समस्याएं भी हम सबकी साझा जिम्मेदारी हैं।जीपीएल हमारा अपना कार्यक्रम है, इसे सफल बनाने में हर शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी की भूमिका महत्वपूर्ण है। कुलपति ने आयोजन में आने वाले बाहरी अतिथियों के स्वागत और सुविधा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कुलपति ने विद्यार्थियों से अनुशासन के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी अपना पहचान-पत्र साथ रखें और आयोजन की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए प्रबंधन एर्व फामेर्सी विभाग से स्वयंसेवकों का गठन किया गया है। ये स्वयंसेवक गेस्ट हाउस और हॉस्टल से लेकर खेल मैदान तक अतिथियों एवं प्रतिभागियों के आवागमन में सहयोग करेंगे। बैठक में छात्र अधिष्ठाता प्रमोद कुमार यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भाष्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. नृपेंद्र सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल, सुशील कुमार, उद्देश्य सिंह, ईशिवका सिंह सहित आयोजन टीम के सदस्य और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

जनसंदेश

संस्थान के विकास के लिए त्याग, समर्पण जरूरी

बोले प्रो. आरके सिंह

छात्रों की उपलब्धियां और शिक्षकों की टीम भावना से पीयू को मिलेगी नई ऊंचाई



सभागार में संविदा शिक्षकों संग बैठक करते कुलपति प्रो.आरके सिंह

जौनपुर। विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार सुबह कुलपति प्रो. आरके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं समग्र विकास को लेकर शिक्षक और संविदा शिक्षकों के संग महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुलपति ने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान वहां के छात्रों, उनकी उपलब्धियों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से होती है। विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए शिक्षकों में टीम भावना, सहयोग और संस्थान के प्रति समर्पण की भावना आवश्यक है।

कुलपति ने कहा कि सहायक प्रोफेसर सहित प्रत्येक शिक्षक को संस्थान की उन्नति में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। विश्वविद्यालय के विकास के लिए समय की बाध्यता से परे जाकर कार्य करने, नई पहल करने और जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए त्याग, समर्पण और निरंतर प्रयास अनिवार्य हैं।

उन्होंने विश्वविद्यालय के उपलब्ध संसाधनों का विद्यार्थियों के हित में अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के संसाधनों और विद्यार्थियों की प्रतिभा को उद्योग जगत से जोड़कर आर्थिक मजबूती की दिशा में भी कार्य किया जा सकता है। उद्योगों, संस्थानों और अन्य व्यावसायिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, रोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। प्रो. सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से की जा रही पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरूआत है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार करना और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी पहलों से ही बड़े परिवर्तन की नींव रखी जाती है। विद्यार्थियों में उत्साह, नवाचार और सहभागिता का वातावरण तैयार कर विश्वविद्यालय के लिए एक मजबूत विकास-रोडमैप तैयार किया जाएगा। इसके लिए सभी विषयों और विभागों से सुझाव एवं इनपुट लिए जाएंगे। प्राप्त सुझावों के आधार पर एक नया आयोजन एवं कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी प्रेजेंटेशन किया जाएगा।

त्योहारों पर शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील

खुटहन। आगामी दुर्गा पूजा एवं अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को थाना परिसर में संभ्रांत नागरिकों, मूर्ति स्थापना समितियों के पदाधिकारियों और क्षेत्रीय लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने की। थानाध्यक्ष ने कहा कि त्योहारों के दौरान आपसी सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में रामफेर विश्वकर्मा, राजिंदर तिवारी, प्रमोद यादव, हीरालाल, दिनेश यादव समेत अनेक संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

जौनपुर धारा

विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव है जेपीएल : कुलपति

खेल से विद्यार्थियों में विकसित होती है ऊर्जा, अनुशासन और टीम भावना

जौनपुर धारा

जौनपुर। जौनपुर प्रीमियर लीग (जीपीएल) के आयोजन की तैयारियों को लेकर बुधवार को कुलपति सभागार में आयोजन टीम की बैठक हुई। कुलपति प्रो. आरके सिंह ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों की सहभागिता, अनुशासन, अतिथियों के स्वागत और स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों पर चर्चा की।



कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेल और अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देना जरूरी है। खेल विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा के साथ नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने का कौशल, अनुशासन और टीम भावना विकसित करते हैं। उन्होंने जीपीएल को विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को सामने लाने का अवसर बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सामूहिक भागीदारी जरूरी है। जीपीएल को सफल बनाने में सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

कुलपति ने बाहरी अतिथियों के स्वागत और उनकी सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कार्यक्रम में अनुशासन बनाए रखने और पहचान-पत्र साथ रखने की अपील की। आयोजन की व्यवस्थाओं के लिए प्रबंधन और फार्मेसी विभाग के स्वयंसेवकों की टीम बनाई गई है। स्वयंसेवक गेस्ट हाउस और हॉस्टल से खेल मैदान तक अतिथियों एवं प्रतिभागियों के आवागमन में सहयोग करेंगे। बैठक में छात्र अधिष्ठाता प्रमोद कुमार यादव सहित आयोजन टीम के सदस्य, शिक्षक और स्वयंसेवक मौजूद रहे।

जौनपुर धारा

एकलव्य स्टेडियम में धूमधाम से हुआ जेपीएल का आगाज

10 विधानसभा क्षेत्रों की टीमें दिखाएंगी खेल प्रतिभा, जर्सी लॉन्च और ट्रॉफी का हुआ अनावरण

जौनपुर धारा

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को जौनपुर प्रीमियर लीग (जेपीएल) 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में विभिन्न टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में टीम जर्सी लॉन्च की गई और ट्रॉफी का अनावरण हुआ। विधानसभा स्तर पर गठित 10 टीमें लीग में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।



कार्यक्रम में कुलपति प्रो.राकेश कुमार सिंह ने कहा कि समय के साथ खेल के प्रति समाज की सोच बदली है। खेल अब युवाओं के लिए सम्मानजनक करियर का माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल प्रतिभाओं के बीच जुड़ाव मजबूत करने का माध्यम बनेगा। इससे विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होगी। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल ने लीग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जिले की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए मंच उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मंच से खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा। लीग के संयोजक एवं पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह ने कहा कि जौनपुर में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें अवसर और मार्गदर्शन देने की है। इसी उद्देश्य से विधानसभा स्तर पर 10 टीमों का गठन किया गया है, ताकि जिले के विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि लीग के माध्यम से प्रतिस्पर्धा के साथ खिलाड़ियों में आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आयोजन के लिए स्टेडियम उपलब्ध कराने पर उन्होंने कुलपति और विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताया। उद्घाटन समारोह में टीम कप्तानों के आगमन के बाद सभी टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया। खिलाड़ियों और दर्शकों की मौजूदगी से स्टेडियम में खेलमय माहौल रहा। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और अन्य अतिथि मौजूद रहे।

जौनपुर धारा

विश्वविद्यालय के विकास के लिए टीम भावना और समर्पण जरूरी: कुलपति

जौनपुर धारा,जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार को शैक्षणिक एवं समग्र विकास को लेकर शिक्षकों और संविदा शिक्षकों की बैठक हुई। अध्यक्षता कुलपति प्रो.आरके सिंह ने की। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से बनती है।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय को नई ऊंचाई देने के लिए शिक्षकों में टीम भावना, सहयोग और संस्थान के प्रति समर्पण जरूरी है। प्रत्येक शिक्षक को अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए विकास की नई पहल में सक्रिय



भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का विद्यार्थियों के हित में अधिकतम उपयोग करने पर जोर दिया। उद्योगों और अन्य संस्थानों के साथ समन्वय बढ़ाकर विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, रोजगार और उद्यमिता के अवसर विकसित करने की बात कही। कुलपति ने जेपीएल के माध्यम से चल रही पहल को इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में उत्साह, नवाचार और सहभागिता बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों से सुझाव लिए जाएंगे। इन सुझावों के आधार पर विश्वविद्यालय के विकास के लिए नई कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बैठक में शैक्षणिक, प्रशासनिक और विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। कुलपति ने सभी विभागों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की।

आज का परिणाम

एकलव्य स्टेडियम में धूमधाम से हुआ जेपीएल का आगाज

टीमों के लिए जर्सी लाच, ट्राफी का अनावरण

विधानसभा स्तर पर गठित 10 टीमें दिखाएंगी खेल प्रतिभा





ब्यूरो आज का परिणाम/ जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जौनपुर प्रीमियर लीग 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में विभिन्न टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च, ट्रॉफी अनावरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन जौनपुर नं. 1 की पहल पर पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा किया जा रहा है। समारोह में जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच देने, विद्यार्थियों में खेल भावना विकसित करने और जौनपुर को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया गया। आयोजन में विधानसभा स्तर पर गठित कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया।उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कभी समाज में यह कहावत प्रचलित थी कि "खेलोगे कूदोगे तो होगे खराब", लेकिन समय के साथ यह धारणा पूरी तरह बदल गई है अब खेलोगें तो खिलोगे हो गया है। आज खेल लोगों की किस्मत बदल रहा है और युवाओं के लिए खेल एक सम्मानजनक करियर का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल के बीच मजबूत जुड़ाव का माध्यम बनेगा। इस आयोजन से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा आएगी और उन्हें अपनी प्रतिभा पहचानने का अवसर मिलेगा। उद्घाटन अवसर पर जौनपुर के जिलाधिकारी सैमुअल पॉल ने जौनपुर प्रीमियर लीग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जौनपुर को नंबर एक जिला बनाने के लिए अभिषेक सिंह द्वारा की गई पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मंच से जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने की यह एक अच्छी शुरुआत है।

जौनपुर प्रीमियर लीग के संयोजक अभिषेक सिंह ने कहा कि लीग का उद्देश्य जिले की प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि जौनपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही अवसर और उचित मार्गदर्शन देने की है।उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जौनपुर के प्रत्येक क्षेत्र की प्रतिभा सामने आए। विधानसभा स्तर पर कुल 10 टीमों का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है, ताकि जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक साथ खेलने और अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिले।

अभिषेक सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ आपसी सहयोग और भाईचारे को भी बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के इनडोर स्टेडियम को आयोजन के लिए उपलब्ध कराने पर उन्होंने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति प्रो. आर.के. सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न टीमों के कप्तानों के आगमन से हुई। इसके बाद सभी टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया। एकलव्य स्टेडियम में खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों की मौजूदगी से माहौल पूरी तरह खेलमय नजर आया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राहुल राय, वैभव सिंह, सुरेन्द्र, रजनीश सिंह, राधेश्याम सिंह समेत शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

आज का परिणाम

निदेश दिए। जिलाधिकारी ने पांच वर्ष  मार्ट के आधार पर निष्पक्ष, समयबद्ध उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव है जीपीएल: कुलपति

जौनपुर। जौनपुर प्रीमियर लीग (जीपीएल) के विश्वविद्यालय में आयोजन को लेकर गठित आयोजन टीम के साथ कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने बुधवार को कुलपति सभागार में बैठक की। बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों, विद्यार्थियों की सहभागिता, अतिथियों के स्वागत, अनुशासन और स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का जीवन केवल कक्षाओं और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें कैंपस लाइव में पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और टीमवर्क से जोड़ना आवश्यक है।

उन्होंने कहा, जब मैं अपने विद्यार्थियों को मैदान में उत्साह, अनुशासन और टीम भावना के साथ देखता हूं, तो मुझे लगता है कि विश्वविद्यालय का वास्तविक जीवन यहीं दिखाई देता है। यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के सपनों, ऊर्जा और आत्मविश्वास का उत्सव है। हम चाहते हैं कि विद्यार्थी यहां से केवल जीतने की भावना लेकर न जाएं, बल्कि सहयोग, अनुशासन और एक-दूसरे का सम्मान करना भी सीखें। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिए इसी प्रकार के अवसर लगातार उपलब्ध कराने होंगे। खेलों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने का कौशल, अनुशासन और संघर्ष करने की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल गतिविधियां अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने भावुक अंदाज में कहा, यह विश्वविद्यालय केवल प्रशासन या कुछ अधिकारियों का नहीं, बल्कि हम सभी का है। इसकी उपलब्धियां हमारी सामूहिक उपलब्धियां हैं और इसकी समस्याएं भी हम सबकी साझा जिम्मेदारी हैं। हम मिलकर समस्याओं का समाधान करेंगे और मिलकर इस आयोजन को सफल बनाएंगे।

रणतूर्य

एकलव्य स्टेडियम में धूमधाम से हुआ जेपीएल का आगाज

जौनपुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को जौनपुर प्रीमियर लीग (जेपीएल) 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उद्घाटन समारोह में विभिन्न टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च की गई और ट्रॉफी का अनावरण किया गया। विधानसभा स्तर पर गठित कुल 10 टीमें लीग में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।जौनपुर नं. 1 की पहल पर पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा आयोजित जेपीएल का उद्देश्य जिले की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराना और युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह में जौनपुर को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने और स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि पहले समाज में यह धारणा थी कि ह्यखेलोगे-कूदोगे तो होगे खराबह्ण, लेकिन अब समय बदल चुका है और ह्यखेलोगे तो खिलोगेह्ण की सोच विकसित हुई है। आज खेल युवाओं के लिए सम्मानजनक करियर का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि



जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल के बीच मजबूत जुड़ाव का माध्यम बनेगा। इससे विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और उन्हें अपनी प्रतिभा पहचानने का अवसर मिलेगा।जिलाधिकारी सैमुअल पॉल ने जेपीएल के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जौनपुर को नंबर एक जिला बनाने की दिशा में अभिषेक सिंह की पहल सराहनीय है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मंच से जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने की यह अच्छी शुरूआत है।

जेपीएल के संयोजक अभिषेक सिंह ने कहा कि जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें सही अवसर और उचित मार्गदर्शन देने की है। विधानसभा स्तर पर 10 टीमों का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है, ताकि जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक साथ खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके।उन्होंने कहा कि जेपीएल के माध्यम से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ आपसी सहयोग और भाईचारे को भी बढ़ावा मिलेगा। आयोजन के लिए विश्वविद्यालय का इनडोर स्टेडियम उपलब्ध कराने पर उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति प्रो. आर.के. सिंह के प्रति आभार जताया।

कार्यक्रम की शुरूआत विभिन्न टीमों के कप्तानों के आगमन से हुई। इसके बाद सभी टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया और ट्रॉफी का प्रदर्शन किया गया। खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों की मौजूदगी से एकलव्य स्टेडियम का माहौल पूरी तरह खेलमय नजर आया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राहुल राय, वैभव सिंह, सुरेंद्र, रजनीश सिंह, राधेश्याम सिंह समेत शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उन्हें हजारों एफ आई आर दर्ज करने दें, किसे परवाह है : केसी वेणुगोपाल

नई दिल्ली (पी एम ए) कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को लेकर दर्ज एफआईआर पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी ऐसे मामलों से डरती नहीं है और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी। वेणुगोपाल ने मीडिया से कहा कि उन्हें हजारों एफआईआर दर्ज करने दें। किसे इसकी परवाह है? हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि हम इस देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ रहे हैं। यह बात उन्होंने तब कही जब इंडिया ब्लॉक के सांसद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा आयोजित लंच के लिए इकट्ठा हुए थे। यह लंच चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के एक दिन बाद हुआ।

मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध मार्च के दौरान आकाशवाणी भवन में कथित तौर पर घुसने के आरोप में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा ने भी एफआईआर को लेकर जताई जा रही चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि ये पार्टी के लिए सम्मान का प्रतीक हैं।

खेड़ा ने कहा कि क्या हम एफआईआर से डरते हैं? एफआईआर सम्मान का प्रतीक हैं। हमें किसी चीज पर हस्ताक्षर करने हैं, और हम हस्ताक्षर करेंगे क्योंकि चुनाव आयोग सभी के हस्ताक्षर चाहता है। उन्होंने कहा कि हम यहां हस्ताक्षर करने के लिए आए हैं। ईसीआई सभी लोगों के हस्ताक्षर चाहता है। फिर हम पत्र भेजेंगे। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए विपक्ष की लड़ाई जारी रहेगी। हम अभी लंच के लिए आए हैं और लंच करेंगे। लोकतंत्र और संविधान को बचाने की हमारी लड़ाई जारी है। मुझे जानकारी मिली है कि एक एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें हमारा नाम भी शामिल है। हम एफआईआर से डरने वाले लोग नहीं हैं। उन्हें अब तक यह समझ जाना चाहिए था।राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने विपक्षी नेताओं से मिलने की हिम्मत नहीं दिखाई। आपने इस मुख्य चुनाव आयुक्त का व्यवहार देखा है, जब उन्होंने समय भी दिया था, उनमें मिलने की हिम्मत नहीं है।

उत्तर शक्ति

विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव है जेपीएल: कुलपति

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जौनपुर प्रीमियर लीग (जोपीएल) के विश्वविद्यालय में आयोजन को लेकर गठित आयोजन टीम के साथ कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने बुधवार को कुलपति सभागार में बैठक की। बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों, विद्यार्थियों की सहभागिता, अतिथियों के स्वागत, अनुशासन और स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का वातावरण बनाने के उदेश्य से जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का जीवन केवल कक्षाओं और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें कैंपस लाइव में पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और टीमवर्क से जोड़ना आवश्यक है।

उन्होंने कहा, जब मैं अपने विद्यार्थियों को मैदान में उत्साह, अनुशासन और टीम भावना के साथ देखता हूं, तो मुझे लगता है कि विश्वविद्यालय का वास्तविक जीवन यहीं दिखाई देता है। यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के सपनों, ऊर्जा और आत्मविश्वास का उत्सव है। हम चाहते हैं कि विद्यार्थी यहां से केवल जीतते की भावना लेकर न जाएं, बल्कि सहयोग, अनुशासन और एक-दूसरे का सम्मान करना भी सीखें।

कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिए इसी प्रकार के अवसर लगातार उपलब्ध कराने होंगे। खेलों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने का कौशल, अनुशासन और संघर्ष करने की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल गतिविधियां अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने भाबुक अंदाज में कहा,

खेल से विद्यार्थियों में विकसित होती है ऊर्जा अनुशासन

जीपीएल की तैयारी के संबंध हुई कुलपति सभागार में बैठक

यह विश्वविद्यालय केवल प्रशासन या कुछ अधिकारियों का नहीं, बल्कि हम सभी का है। इसकी उपलब्धियां हमारी सामूहिक उपलब्धियां हैं और इसकी समस्याएं भी हम सबकी साझा जिम्मेदारी हैं। हम मिलकर समस्याओं का समाधान करेंगे और मिलकर इस आयोजन को सफल बनाएंगे। जीपीएल हभारा अपना कार्यक्रम है, इसे सफल बनाने में हर शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी की भूमिका महत्वपूर्ण है।

कुलपति ने आयोजन में आने वाले बाहरो अतिवियों के स्वागत और सुविधा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाहर से आने बाले अतिथि विश्वविद्यालय से अच्छी अनुभूति लेकर जाएं। आयोजन की प्रत्येक व्यवस्था में अपनापन, सहयोग और संवेदनशीलता दिखाई देनी चाहिए।

बैठक में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पहचान-पत्र अनिबार्य किए जाने पर भी चर्चा हुई। कुलपति ने विद्यार्थियों से अनुशासन के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी अपना पहचान-पत्र साथ रखें और आयोजन की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें।

कार्यक्रम की व्यबस्थाओं के लिए प्रबंधन एवं फामेर्सी विभाग से स्ववंसेवकों का गठन किया गया है। ये स्ववंसेवक गेस्ट हाउस और हॉस्टल से लेकर खेल मैदान तक अतिथियों एवं प्रतिभागियों के आवागमन में सहयोग करेंगे।

बैठक में छात्र अधिष्ठाता प्रमोद कुमार यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भाष्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. नूपेंद्र सिंह, डॉ. नितेश जाबसवाल, सुशील कुमार, उद्देश्य सिंह, इंशिबका सिंह सहित आयोजन टीम के सदस्य और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

उत्तर शक्ति

संस्थान के विकास के लिए त्याग, समर्पण जरूरी: प्रो.आर.के. सिंह

छात्रों की उपलब्धियां और शिक्षकों की टीम भावना से पीयू को मिलेगी नई ऊंचाई

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार सुबह कुलपति प्रो. आर.के. सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं समग्र विकास को लेकर शिक्षक और संविदा शिक्षकों के संग महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुलपति ने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान वहां के छात्रों, उनकी उपलब्धियों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से होती है। विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए शिक्षकों में टीम भावना, सहयोग और संस्थान के प्रति समर्पण की भावना आवश्यक है।

कुलपति ने कहा कि सहायक प्रोफेसर सहित प्रत्येक शिक्षक को संस्थान की उन्नति में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। विश्वविद्यालय के विकास के लिए समय की बाध्यता से परे जाकर कार्य करने, नई पहल करने और जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए त्याग, समर्पण और निरंतर प्रयास अनिवार्य हैं।

उन्होंने विश्वविद्यालय के उपलब्ध संसाधनों का विद्यार्थियों के हित में अधिकतम



उपयोग करने पर बल दिया। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के संसाधनों और विद्यार्थियों की प्रतिभा को उद्योग जगत से जोड़कर आर्थिक मजबूती की दिशा में भी कार्य किया जा सकता है। उद्योगों, संस्थानों और अन्य व्यावसायिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, रोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

प्रो. सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से की जा रही पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरूआत है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार करना और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी पहलों से ही बड़े परिवर्तन की नींव रखी जाती है। विद्यार्थियों में उत्साह, नवाचार और सहभागिता का वातावरण तैयार कर विश्वविद्यालय के लिए एक मजबूत विकास-रोडमैप तैयार किया जाएगा। इसके लिए सभी विषयों और विभागों से सुझाव एवं इनपुट लिए जाएंगे। प्राप्त सुझावों के आधार पर एक नया आयोजन एवं कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी प्रेजेंटेशन किया जाएगा।

बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शैक्षणिक, प्रशासनिक और विकासात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई। कुलपति ने सभी शिक्षकों और विभागों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकती है।

प्रभात उजाला

हिन्दी दैनिक
प्रभात उजाला
जौनपुर, गुरूवार 08 अक्टूबर 2026
जौनपु

एकलव्य स्टेडियम में धूमधाम से हुआ जेपीएल का आगाज

टीमों के लिए जर्सी लॉन्च, ट्रॉफी का अनावरण ,विधानसभा स्तर पर गठित 10 टीमें दिखाएंगी खेल प्रतिभा







प्रभात उजाला ब्यूरो

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जौनपुर प्रीमियर लीग 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में विभिन्न टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च, ट्रॉफी अनावरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन जौनपुर नं. 1 की पहल पर पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा किया जा रहा है। समारोह में जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच देने, विद्यार्थियों में खेल भावना विकसित करने और जौनपुर को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया गया। आयोजन में विधानसभा स्तर पर गठित कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया।उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कभी समाज में यह कहावत प्रचलित थी कि 'खेलोगे कूदोगे तो होगे खराब', लेकिन समय के साथ यह धारणा पूरी तरह बदल गई है अब खेलोगें तो खिलोगे हो गया है। आज खेल लोगों की किस्मत बदल रहा है और युवाओं के लिए खेल एक सम्मानजनक करियर का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल के बीच मजबूत जुड़ाव का माध्यम बनेगा। इस आयोजन से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा आएगी और उन्हें अपनी प्रतिभा पहचानने का अवसर मिलेगा। उद्घाटन अवसर पर जौनपुर के जिलाधिकारी सैमुअल पॉल ने जौनपुर प्रीमियर लीग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जौनपुर को नंबर एक जिला बनाने के लिए अभिषेक सिंह द्वारा की गई पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मंच से जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने की यह एक अच्छी शुरुआत है।जौनपुर प्रीमियर लीग के संयोजक अभिषेक सिंह ने कहा कि लीग का उद्देश्य जिले की प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि जौनपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही अवसर और उचित मार्गदर्शन देने की है।उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जौनपुर के प्रत्येक क्षेत्र की प्रतिभा सामने आए। विधानसभा स्तर पर कुल 10 टीमों का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है, ताकि जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक साथ खेलने और अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिले।अभिषेक सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ आपसी सहयोग और भाईचारे को भी बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के इनडोर स्टेडियम को आयोजन के लिए उपलब्ध कराने पर उन्होंने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति प्रो. आर.के. सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न टीमों के कप्तानों के आगमन से हुई। इसके बाद सभी टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया। एकलव्य स्टेडियम में खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों की मौजूदगी से माहौल पूरी तरह खेलमय नजर आया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राहुल राय, वैभव सिंह, सुरेन्द्र, रजनीश सिंह, राधेश्याम सिंह समेत शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्रभात उजाला

संस्थान के विकास के लिए त्याग, समर्पण जरूरीः प्रो. आर.के. सिंह

छात्रों की उपलब्धियां और शिक्षकों की टीम भावना से पीयू को मिलेगी नई ऊंचाई





प्रभात उजाला ब्यूरो

जौनपुर। विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार सुबह कुलपति प्रो. आर.के. सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं समग्र विकास को लेकर शिक्षक और संविदा शिक्षकों के संग महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुलपति ने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान वहां के छात्रों, उनकी उपलब्धियों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से होती है। विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए शिक्षकों में टीम भावना, सहयोग और संस्थान के प्रति समर्पण की भावना आवश्यक है।कुलपति ने कहा कि सहायक प्रोफेसर सहित प्रत्येक शिक्षक को संस्थान की उन्नति में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। विश्वविद्यालय के विकास के लिए समय की बाध्यता से परे जाकर कार्य करने, नई पहल करने और जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए त्याग, समर्पण और निरंतर प्रयास अनिवार्य हैं।उन्होंने विश्वविद्यालय के उपलब्ध संसाधनों का विद्यार्थियों के हित में अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के संसाधनों और विद्यार्थियों की प्रतिभा को उद्योग जगत से जोड़कर आर्थिक मजबूती की दिशा में भी कार्य किया जा सकता है। उद्योगों, संस्थानों और अन्य व्यावसायिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, रोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं।प्रो. सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से की जा रही पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार करना और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है।उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी पहलों से ही बड़े परिवर्तन की नींव रखी जाती है। विद्यार्थियों में उत्साह, नवाचार और सहभागिता का वातावरण तैयार कर विश्वविद्यालय के लिए एक मजबूत विकास-रोडमैप तैयार किया जाएगा। इसके लिए सभी विषयों और विभागों से सुझाव एवं इनपुट लिए जाएंगे। प्राप्त सुझावों के आधार पर एक नया आयोजन एवं कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी प्रेजेंटेशन किया जाएगा।बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शैक्षणिक, प्रशासनिक और विकासात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई। कुलपति ने सभी शिक्षकों और विभागों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकती है।

उम्मीदा आप पब्लिक

उम्मीद ऑफ पब्लिक (हिन्दी दैनिक) जौन

विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव है जेपीएल: कुलपति

खेल से विद्यार्थियों में विकसित होती है ऊर्जा अनुशासन



उम्मीद ऑफ पब्लिक सं.

सिद्दीकपुर, जौनपुर। जौनपुर प्रीमियर लीग (जेपीएल) के विश्वविद्यालय में आयोजन को लेकर गठित आयोजन टीम के साथ कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने बुधवार को कुलपति सभागार में बैठक किया जहां प्रतियोगिता की तैयारियों, विद्यार्थियों की सहभागिता, अतिथियों के स्वागत, अनुशासन और स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस मौके पर कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय का जीवन केवल कक्षाओं और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें कैंपस लाइव में पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और टीमवर्क से जोड़ना आवश्यक है। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिए इसी प्रकार के अवसर लगातार उपलब्ध कराने होंगे। खेलों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने का कौशल, अनुशासन और संघर्ष करने की भावना विकसित होती है। विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल गतिविधियां अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

बैठक में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिये पहचान-पत्र अनिवार्य किये जाने पर भी चर्चा हुई। कुलपति ने विद्यार्थियों से अनुशासन के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील करते हुये कहा कि सभी विद्यार्थी अपना पहचान पत्र साथ रखें और आयोजन की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए प्रबंधन एवं फामेर्सी विभाग से स्वयंसेवकों का गठन किया गया है। ये स्वयंसेवक गेस्ट हाउस और हॉस्टल से लेकर खेल मैदान तक अतिथियों एवं प्रतिभागियों के आवागमन में सहयोग करेंगे।

इस अवसर पर छात्र अधिष्ठाता प्रमोद यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भाष्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. नृपेंद्र सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल, सुशील कुमार, उदेश्य सिंह, ईशिका सिंह सहित आयोजन टीम के सदस्य और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

वर्ल्ड ट्रस्टेड न्यूज़

गाजियाबाद,गुरुवार,08 अक्टूबर 2026

संस्थान के विकास के लिए त्याग, समर्पण जरूरी: प्रो. आर.के. सिंह

छात्रों की उपलब्धियां और शिक्षकों की टीम भावना से पीयू को मिलेगी नई ऊंचाई

वर्ल्ड ट्रस्टेड न्यूज



जौनपुर । विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में सुबह कुलपति प्रो. आर.के. सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं समग्र विकास को लेकर शिक्षक और संविदा शिक्षकों के संग महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुलपति ने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान वहां के छात्रों, उनकी उपलब्धियों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से होती है। विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए शिक्षकों में टीम भावना, सहयोग और संस्थान के प्रति समर्पण की भावना आवश्यक है। कुलपति ने कहा कि सहायक प्रोफेसर सहित प्रत्येक शिक्षक को संस्थान की उन्नति में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। विश्वविद्यालय के विकास के लिए समय की बाध्यता से परे जाकर कार्य करने, नई पहल करने और जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए त्याग, समर्पण और निरंतर प्रयास अनिवार्य हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के उपलब्ध संसाधनों का विद्यार्थियों के हित में अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के संसाधनों और विद्यार्थियों की प्रतिभा को उद्योग जगत से जोड़कर आर्थिक मजबूती की दिशा में भी कार्य किया जा सकता है। उद्योगों, संस्थानों और अन्य व्यावसायिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, रोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। प्रो. सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से की जा रही पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरूआत है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार करना और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि छोटी -छोटी पहलों से ही बड़े परिवर्तन की नींव रखी जाती है। विद्यार्थियों में उत्साह, नवाचार और सहभागिता का वातावरण तैयार कर विश्वविद्यालय के लिए एक मजबूत विकास-रोडमैप तैयार किया जाएगा। इसके लिए सभी विषयों और विभागों से सुझाव एवं इनपुट लिए जाएंगे। प्राप्त सुझावों के आधार पर एक नया आयोजन एवं कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी प्रेजेंटेशन किया जाएगा। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शैक्षणिक, प्रशासनिक और विकासात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई। कुलपति ने सभी शिक्षकों और विभागों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकती है।

वर्ल्ड ट्रस्टेड न्यूज़

विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव है जेपीएल: कुलपति

खेल से विद्यार्थियों में विकसित होती है ऊर्जा अनुशासन

वर्ल्ड ट्रस्टेड न्यूज

जीपीएल की तैयारी के संबंध हुई कुलपति सभागार में बैठक



जौनपुर। जौनपुर प्रीमियर लीग (जीपीएल) के विश्वविद्यालय में आयोजन को लेकर गठित आयोजन टीम के साथ कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने बुधबार को कुलपति सभागार में बैठक की। बैठक में प्रतिवोगिता की तैबारियों, विद्यार्थियों की सहभागिता, अतिथियों के स्वागत, अनुशासन और स्ववंसेवकों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कुलपति प्रो. आर,के. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का जीवन केवल कक्षाओं और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें कैंपस लाइव में पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कुतिक गतिविधियों और टीमवर्क से जोड़ना आवश्यक है।

उन्होंने कहा, जब मैं अपने विद्यार्थियों को मैदान में उत्साह, अनुशासन और टीम भावना के साथ देखता हूं, तो मुझे लगता है कि विश्वविद्यालय का वास्तविक जोवन यहीं दिखाई देता है। यह आयोजन केवल खेल प्रतिवोगिता नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के सपनों, ऊर्जा और आत्मविश्वास का उत्सव है। हम चाहते हैं कि विद्यार्थी यहां से केबल जीतने की भावना लेकर न जाएं, बल्कि सहयोग, अनुशासन और एक-दूसरे का सम्मान करना भी सोखें।

कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिए इसी प्रकार के अवसर लगातार उपलब्ध कराने होंगे। खेलों से विद्यार्थियों में नेतुत्व क्षमता, निर्णव लेने का कौशल, अनुशासन और संघर्ष करने की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल गतिविधियां अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने भाबुक अंदाज में कहा, यह विश्वविद्यालय केवल प्रशासन या कुछ अधिकारियों का नहीं, बल्कि हम सभी का है। इसकी उपलब्धियां हमारी सामूहिक उपलब्धियां हैं और इसकी समस्याएं भी हम सबकी साझा जिम्मेदारी हैं। हम मिलकर समस्याओं का समाधान करेंगे और मिलकर इस आयोजन को सफल बनाएंगे। जीपीएल हमारा अपना कार्यक्रम है, इसे सफल बनाने में हर शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी की भूमिका महत्वपूर्ण है। कुलपति ने आयोजन में आने वाले बाहरी अतिधियों के स्वागत और सुविधा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले अतिथि विश्वविद्यालय से अच्छी अनुभूति लेकर जाएं। आयोजन की प्रत्येक व्यबस्था में अपनापन, सहयोग और संवेदनशीलता दिखाई देनी चाहिए।

बैठक में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पहचान-पत्र अनिवार्य किए जाने पर भी चर्चा हुई। कुलपति ने विद्यार्थियों से अनुशासन के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी अपना पहचान-पत्र साथ रखें और आयोजन की गरिमा बनाए रखने में सहबोग करें।

कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए प्रबंधन एवं फामेसीं विभाग से स्ववंसेवकों का गठन किया गया है। ये स्वयंसेवक गेस्ट हाउस और हॉस्टल से लेकर खेल मैदान तक अतिथियों एबं प्रतिभागियों के आवागमन में सहयोग करेंगे।

बैठक में छत्र अधिष्ठाता प्रमोद कुभार यादव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. प्रदीम कुमार, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भाष्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठीर, डॉ. नुपेंद्र सिंह, डॉ. नितेश जावसवाल, सुशील कुभार, उदेश्य सिंह, ईश्विका सिंह सहित आयोजन टीम के सदस्य और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

न्यायाधीश

पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह की पहल से जौनपुर में खेल प्रतिभाओं को मिला बड़ा मंच

जेपीएल-2026 का भव्य आगाज, विधानसभा स्तर पर गठित 10 टीमें दिखाएंगी दमखम



जौनपुर। जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की दिशा में पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह की पहल पर जौनपुर प्रीमियर लीग (जेपीएल)-2026 का बुधवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में भव्य शुभारंभ हुआ। जौनपुर नंबर-1 की पहल के तहत आयोजित इस लीग की पूरी व्यवस्था पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा अपने स्तर से की जा रही है। उद्घाटन समारोह में विभिन्न टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च, ट्रॉफी अनावरण सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।जेपीएल-2026 में विधानसभा स्तर पर गठित कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। आयोजन का उद्देश्य जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना है। आयोजन के माध्यम से युवाओं में खेल भावना, प्रतिस्पर्धा और आपसी सहयोग की भावना विकसित करने के साथ जौनपुर को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।उद्घाटन समारोह में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कभी समाज में यह कहावत प्रचलित थी कि "खेलोगे-कूदोगे तो होगे खराब", लेकिन समय के साथ यह धारणा पूरी तरह बदल गई है। अब "खेलोगे तो खिलोगे" की सोच विकसित हुई है। खेल आज युवाओं की किस्मत बदलने के साथ ही सम्मानजनक करियर का माध्यम भी बन चुका है। उन्होंने कहा कि जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल के बीच मजबूत जुड़ाव का माध्यम बनेगा। इससे विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा आएगी और उन्हें अपनी प्रतिभा पहचानने का अवसर मिलेगा।उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी सैमुअल पॉल ने जौनपुर प्रीमियर लीग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जौनपुर को नंबर एक जिला बनाने के लिए अभिषेक सिंह द्वारा की गई पहल अत्यंत सराहनीय है।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राहुल राय, वैभव सिंह, सुरेंद्र, रजनीश सिंह, राधेश्याम सिंह समेत शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

न्यूजफ्लिक्स टाइम्स

गाजियाबाद,गुरुवार,08 अक्टूबर 2026

संस्थान के विकास के लिए त्याग, समर्पण जरूरी: प्रो. आर.के. सिंह

छात्रों की उपलब्धियां और शिक्षकों की टीम भावना से पीयू को मिलेगी नई ऊंचाई

न्यूजफ्लिक्स टाइम्स



जौनपुर । विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में सुबह कुलपति प्रो. आर.के. सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं समग्र विकास को लेकर शिक्षक और संविदा शिक्षकों के संग महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुलपति ने कहा कि किसी भी संस्थान की पहचान वहां के छात्रों, उनकी उपलब्धियों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों से होती है। विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए शिक्षकों में टीम भावना, सहयोग और संस्थान के प्रति समर्पण की भावना आवश्यक है। कुलपति ने कहा कि सहायक प्रोफेसर सहित प्रत्येक शिक्षक को संस्थान की उन्नति में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। विश्वविद्यालय के विकास के लिए समय की बाध्यता से परे जाकर कार्य करने, नई पहल करने और जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान को आगे बढ़ाने के लिए त्याग, समर्पण और निरंतर प्रयास अनिवार्य हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के उपलब्ध संसाधनों का विद्यार्थियों के हित में अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के संसाधनों और विद्यार्थियों की प्रतिभा को उद्योग जगत से जोड़कर आर्थिक मजबूती की दिशा में भी कार्य किया जा सकता है। उद्योगों, संस्थानों और अन्य व्यावसायिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, रोजगार और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। प्रो. सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से की जा रही पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरूआत है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार करना और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि छोटी -छोटी पहलों से ही बड़े परिवर्तन की नींव रखी जाती है। विद्यार्थियों में उत्साह, नवाचार और सहभागिता का वातावरण तैयार कर विश्वविद्यालय के लिए एक मजबूत विकास-रोडमैप तैयार किया जाएगा। इसके लिए सभी विषयों और विभागों से सुझाव एवं इनपुट लिए जाएंगे। प्राप्त सुझावों के आधार पर एक नया आयोजन एवं कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी प्रेजेंटेशन किया जाएगा। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शैक्षणिक, प्रशासनिक और विकासात्मक विषयों पर भी चर्चा की गई। कुलपति ने सभी शिक्षकों और विभागों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकती है।

न्यायाधीश

पूर्व आईएएस अभिषेक सिंह की पहल से जौनपुर में खेल प्रतिभाओं को मिला बड़ा मंच

जेपीएल-2026 का भव्य आगाज, विधानसभा स्तर पर गठित 10 टीमें दिखाएंगी दमखम



जौनपुर। जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की दिशा में पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह की पहल पर जौनपुर प्रीमियर लीग (जेपीएल)-2026 का बुधवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में भव्य शुभारंभ हुआ। जौनपुर नंबर-1 की पहल के तहत आयोजित इस लीग की पूरी व्यवस्था पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा अपने स्तर से की जा रही है। उद्घाटन समारोह में विभिन्न टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च, ट्रॉफी अनावरण सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।जेपीएल-2026 में विधानसभा स्तर पर गठित कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। आयोजन का उद्देश्य जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना है। आयोजन के माध्यम से युवाओं में खेल भावना, प्रतिस्पर्धा और आपसी सहयोग की भावना विकसित करने के साथ जौनपुर को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।उद्घाटन समारोह में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कभी समाज में यह कहावत प्रचलित थी कि "खेलोगे-कूदोगे तो होगे खराब", लेकिन समय के साथ यह धारणा पूरी तरह बदल गई है। अब "खेलोगे तो खिलोगे" की सोच विकसित हुई है। खेल आज युवाओं की किस्मत बदलने के साथ ही सम्मानजनक करियर का माध्यम भी बन चुका है। उन्होंने कहा कि जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल के बीच मजबूत जुड़ाव का माध्यम बनेगा। इससे विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा आएगी और उन्हें अपनी प्रतिभा पहचानने का अवसर मिलेगा।उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी सैमुअल पॉल ने जौनपुर प्रीमियर लीग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जौनपुर को नंबर एक जिला बनाने के लिए अभिषेक सिंह द्वारा की गई पहल अत्यंत सराहनीय है।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राहुल राय, वैभव सिंह, सुरेंद्र, रजनीश सिंह, राधेश्याम सिंह समेत शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

दैनिक मान्यवर

एकलव्य स्टेडियम में धूमधाम से जेपीएल का आगाज

➲ टीमों के लिए जर्सी लॉन्च, ट्रॉफी का अनावरण ➲ विधानसभा स्तर पर गठित 10 टीमें दिखाएंगी खेल प्रतिभा



दैनिक मान्यवर

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जौनपुर प्रीमियर लीग 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में विभिन्न टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च, ट्रॉफी अनावरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन जौनपुर नं. 1 की पहल पर पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा किया जा रहा है। समारोह में जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच देने, विद्यार्थियों में खेल भावना विकसित करने और जौनपुर को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया गया। आयोजन में विधानसभा स्तर पर गठित कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कभी समाज में यह कहावत प्रचलित थी कि खेलोगे कूदोगे तो होगे खराब, लेकिन समय के साथ यह धारणा पूरी तरह बदल गई है अब खेलोगे तो खिलोगे हो गया है।

आज खेल लोगों की किस्मत बदल रहा है और युवाओं के लिए खेल एक सम्मानजनक करियर का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल के बीच मजबूत जुड़ाव का माध्यम बनेगा। इस आयोजन से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा आएगी और उन्हें अपनी प्रतिभा पहचानने का अवसर मिलेगा। उद्घाटन अवसर पर जौनपुर के जिलाधिकारी सैयद आल्ट चौल ने जौनपुर प्रीमियर लीग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जौनपुर को नंबर एक जिला बनाने के लिए अभिषेक सिंह द्वारा की गई पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मंच से जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने की यह एक अच्छी शुरुआत है। जौनपुर प्रीमियर लीग के संयोजक अभिषेक सिंह ने कहा कि लीग का उद्देश्य जिले की प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि जौनपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही अवसर और उचित मार्गदर्शन देने की है उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जौनपुर के प्रत्येक क्षेत्र की प्रतिभा सामने आए। विधानसभा स्तर पर कुल 10 टीमों का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है, ताकि जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक साथ खेलने और अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिले। अभिषेक सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ आपसी सहयोग और भाईचारे को भी बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के इनडोर स्टेडियम को आयोजन के लिए उपलब्ध कराने पर उन्होंने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति प्रो. आर.के. सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न टीमों के कप्तानों के आगमन से हुई। इसके बाद सभी टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया। एकलव्य स्टेडियम में खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों की मौजूदगी से माहौल पूरी तरह खेलमय नजर आया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आशु प्रकाशवर द्विवेदी, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. राजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राहुल राय, वैभव सिंह, सुरेन्द्र, राजनीश सिंह, राघवेन्द्रम सिंह समेत शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।